# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि 30 आषाढ़, 1933 (श०) / 21 जुलाई, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—95

| | |
|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग .. .. .. | 24 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग .. .. .. | 13 |
| (3) कृषि विभाग .. .. .. .. | 11 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग .. .. .. | 07 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग .. .. .. | 05 |
| (6) विधि विभाग (धार्मिक न्यास) .. .. .. | 01 |
| (7) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग .. .. .. | 28 |
| (8) सहकारिता विभाग .. .. .. .. | 04 |
| (9) बीस सूत्री कार्यक्रम विभाग .. .. .. | 02 |
| कुल योग .. | 95 |

पानी टंकी बनाना

*264. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड मुख्यालय में एक करोड़ 25 लाख की लागत से पानी टंकी बनकर तैयार है जो अभीतक चालू नहीं हुई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को कबतक चालू करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला बनाना

*265. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के नगर पंचायत के नाला निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2008-09 में 5.20 लाख रुपये, वर्ष 2009-10 में 9.68 लाख रुपये एवं वर्ष 2010-11 में 4.16 लाख रुपये मुख्य मंत्री नगर विकास योजना के तहत दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नाला निर्माण नहीं होने के कारण विगत 5 वर्षों से नगर पंचायत में जल-जमाव रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के नगर पंचायत में नाला अबतक नहीं बनाने का क्या औचित्य है?

---------

योजना का कार्यान्वयन

*266. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण जलापूर्ति योजनान्तर्गत सभी विधायको से स्थान के चयन हेतु अनुशंसा की मांग की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नीति अन्तर्गत प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा भी कल्याणपुर तथा पूसा प्रखण्ड के लिए अनुशंसा की गयी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य की अनुशंसा को नजरअंदाज कर स्थानीय पदाधिकारी द्वारा अन्यत्र योजना कार्यान्वित कराया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा अनुशंसित स्थान पर योजना का कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

केन्द्र खोलना

*267. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड के बीज परीक्षण केन्द्र नहीं होने के कारण वहां के किसानों को 30 कि०मी० दूर आरा जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जगदीशपुर प्रखण्ड में बीज परीक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन उपलब्ध कराना

*268. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में दलित जाति परिवार के गरीब लोगों को मकान बनाने हेतु 0.3 डी० जमीन देने का सरकारी प्रावधान किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार द्वारा वर्ष 2009 से अबतक रोहतास एवं कैमूर जिला में कितने दलित परिवार के सदस्यों को 0.3 डी० जमीन उपलब्ध करायी गई है;

निर्माण करना

*269. श्री सुरेश शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर के वार्ड संख्या 14 अखाड़ा घाट पुल के नीचे प्रत्येक साल गंगा दशहरा एवं हिन्दुओं का मुख्य पर्व छठ उक्त स्थान पर मनायी जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में भीड़ रहती है, परन्तु पक्की सीढ़ी एवं शौचालय आदि का कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्की सीढ़ी और शौचालय आदि का निर्माण कराना चाहती है ?

---------

नाला का निर्माण

*270. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर परिषद क्षेत्र समस्तीपुर के थानेश्वर स्थान मंदिर के निकट से नवकू स्थान होते हुए जमुआरी नदी तक भाया क्रांति होटल (मोहनपुर रोड) एवं काशीपुर चौक से सोनवर्षा चौक, सुईधारा चौक, आदर्शनगर होते हुए बी०आर०सी० कॉलेज तक जल निकासी हेतु पक्का नाला निर्माण कार्य पिछले 3-4 वर्षों से लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नालों का निर्माणससमय पूरा नहीं होने के कारण शहरी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी जल-जमाव रहता है, जिसके कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नालों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

----------

वितरण करना

*271. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखण्ड, शंकरपुर एवं मुरलीगंज सिंहेश्वर प्रखण्ड के वर्ष 2011 के तीन माह पूर्व आई ओला वृष्टि के कारण उक्त प्रखण्ड के किसानों को गेहूं, मक्का एवं अन्य फसल की बर्बादी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त किसानों को अभीतक फसल क्षति की राशि का वितरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला के सभी प्रखण्ड के किसानों को फसल क्षति की राशि वितरण करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*272. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, बीस-सूत्री कार्यक्रम विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय (का०का०) विभाग के पत्रांक म०स०का०का० (गठन) 01/2007/994, दिनांक 16 नवम्बर, 2009 के द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्षों को जिला में एक कमरे का कार्यालय कक्ष, डाटा ऑपरेटर, लिपिक एवं अनुसेवक उपलब्ध कराया जाय;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्षों को नियत आतिथ्य भत्ता के रूप में प्रत्येक माह 500 रु० देने का प्रावधान है;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी जिलों में अबतक उपाध्यक्षों को कमरा, लिपिक, अनुसेवक एवं आतिथ्य भत्ता उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बीस-सूत्री उपाध्यक्षों को उक्त सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बोरिंग बनाना

*273. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत खगौल जलापूर्ति केन्द्र का निर्माण दस वर्ष पूर्व अस्पताल (प्रा० स्वा० केन्द्र, खगौल) परिसर में कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति केन्द्र/बोरिंग का मुख्य पाईप फटे होने के कारण विगत एक वर्ष से सैदपुरा, बड़ी खगौल, मोती चौक एवं आस-पास के मुहल्लों में गन्दे पानी की आपूर्ति उक्त बोरिंग से किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बोरिंग को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*274. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखण्ड के कसियौना गांव में निर्माणाधीन पानी टंकी के टावर पर पानी चढ़ने के बाद पानी टंकी से चूता है;

(2) क्या यह बात सही है कि बोरिंग में मात्र साठ फीट पर मोटर लगाया गया है, जिसके कारण बोरिंग 15 मिनट चलने के बाद पानी चलना बन्द हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस दिशा में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी की आपूर्ति

*275. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजर सराय प्रखण्ड के सरबहदा में जलमीनार का कार्य अधूरा पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थल पर पाईप उपलब्ध रहते हुए भी उसे अभीतक बिछाया नहीं गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरबहदा बाजार का जलमीनार का कार्य कबतक पूर्ण कर लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*276. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में निर्णय लिया है कि जन-वितरण प्रणाली की दुकानों का संचालन पैक्स के माध्यम से कराया जावेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के अन्तर्गत आजतक एक भी जन-वितरण प्रणाली की दुकान पैक्स के माध्यम से नहीं चलायी जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आजतक पैक्स के माध्यम से राज्य में जन-वितरण प्रणाली की दुकानों को नहीं चलाने का क्या औचित्य है तथा सरकार इस संबंध में कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

## पदस्थापन करना

*277. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी विगत एक वर्ष से निलंबित है जिससे कृषि विकास कार्य बाधित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बारूण प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी का पद दो वर्षों से रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों प्रखंडों में नियमित कृषि पदाधिकारी पदस्थापित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

-----------

## वितरण करना

''क'' *278. श्री जितेन्द्र कुमार-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि कृषि संयंत्रों एवं बीज वितरण संबंधी कार्य पैक्स के माध्यम से किये जायेंगे;

(2) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सरकार द्वारा उक्त निर्णय के आलोक में आजतक कृषि संयंत्र एवं बीज वितरण आदि की व्यवस्था पैक्स के माध्यम से नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नालंदा जिला में पैक्स के माध्यम से कृषि संयंत्र एवं बीज आदि का वितरण कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पदाधिकारी पर कार्रवाई

*279. श्रीमती मुन्नी देवी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार सरकार का पत्रांक 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 निर्गत है कि माननीय सदस्यों द्वारा लिखे पत्र पर कृतकार्रवाई की सूचना एक माह के अन्दर दी जाय;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 757/10, दिनांक 28 दिसम्बर, 2010 स्मारित पत्रांक 44/11, दिनांक 23 मार्च, 2011 तथा पत्रांक 139/11, दिनांक 9 जून, 2011 से कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, आरा, भोजपुर से वांछित सूचनाएं मांगी गई है परन्तु आजतक सूचना अनुपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अभीतक सूचना उपलब्ध न कराने वाले उक्त पदाधिकारी पर कौन- सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

-----------

## पानी मुहैया करना

*280. श्री रामायण मांझी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी प्रखंड में अन्डर ग्राउण्ड पाईप द्वारा गुठनी बाजार को 1990 में पानी मुहैया कराने की योजना ली गई है, यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीवान जिला के गुठनी बाजार के लोगों को अन्डर ग्राउण्ड पाइप लाईन द्वारा पीने का पानी कबतक मुहैया कराने का विचार रखती है ?

---

नोट-- ''क'' सहकारिता विभाग के ज्ञापांक 3164, दिनांक 11 जुलाई, 2011 द्वारा कृषि विभाग में स्थानान्तरित।

चिन्हित करना

*281. श्री विनय कुमार सिंह-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड के ग्राम शाहपुर में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पानी टंकी निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद भी विगत 10 वर्षों से निर्माणाधीन टंकी कार्यरत नहीं हो पायी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पानी टंकी को चालू कराने का एवं दोषी पदाधिकारियों को चिन्हित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण करना

*282. डा० दाऊद अली-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा प्रखंड के ग्राम बभनपुरवा के खाता सं० 181, प्लॉट सं० 228, सर्वसाधारण (बिहार सरकार) की भूमि पर महादलित महल्ला में 3,23,900 रु० की लागत से सामुदायिक भवन की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 23 मार्च, 2010 को प्रदान की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सर्वसाधारण (बिहार सरकार) की भूमि पर श्री काशीनाथ सिंह, श्री विश्वनाथ सिंह, श्री शोभानाथ सिंह पिता स्व० घाघर सिंह एवं श्री कृष्णा पाण्डेय, श्री विष्णु पाण्डेय, पिता स्व० बाबूलाल पाण्डेय द्वारा अवैध कब्जा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध कब्जे से मुक्त करते हुए उपरोक्त खाता, प्लॉट पर सामुदायिक भवन अविलंब निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलमीनार बनाना

*283. श्री राम नरेश प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड मुख्यालय में जलापूर्ति हेतु जलमीनार नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलमीनार के अभाव में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परिहार प्रखंड मुख्यालय में जलमीनार बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रोन्नति देना

*284. श्री भाई बीरेन्द्र-- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विशेष सचिव, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा निर्गत अधिसूचना सं० ।स्था०(1)204/85 प०पा० 10325, दिनांक 21 नवम्बर, 1985 द्वारा डा० हरिशरण सिन्हा एवं अन्य की प्रोन्नति लोक सेवा आयोग की सहमति के पश्चात दिनांक 1 जनवरी, 1977 के प्रभाव से पशुपालन सेवा वर्ग-1 (विशिष्ट कोटि) में कर दी गयी, जिसे पुनः विभागीय अधिसूचना सं० ।स्था०(5)07/87 प०पा०-10666, दिनांक 3 दिसम्बर, 1987 द्वारा प्रोन्नति की तिथि 1 फरवरी, 1984 कर दी गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल अपील सं० 1894/91 एवं 1895/91 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा अधिसूचना सं० 10666, दिनांक 3 दिसम्बर, 1987 को रद्द कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधिसूचना सं० 10325, दिनांक 21 नवम्बर, 1985 द्वारा प्रोन्नत पदाधिकारियों को उच्चतर पदों पर प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी बनाना

*285. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड मुख्यालय में पानी टंकी बनकर तैयार है, परन्तु अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बीमा दिलाना

*286. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान, छपरा, गोपालगंज एवं मोतिहारी के किसानों का वर्ष 2009 के रवि की क्षति बीमा की राशि भुगतान वर्ष मार्च, 2011 में तीन महीना के अन्दर दिलाने के लिए सरकार द्वारा घोषणा की गई थी जो आजतक नहीं मिल पाया ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन जिलों के किसानों को रवि क्षति बीमा दिलाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेयजल उपलब्ध करना

*287. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के आमस के चण्डीस्थान बाजार, बुधौल बाजार, शेरघाटी के ग्राम बेला, धुज्जी, डाबचिरैया, श्रीरामपुर, खण्डैल, चेरकीडीह, डोभी प्रखण्ड के अमारुत, घोड़ाघाट, मुड़ियल, निमा, कोठवारा, कुरमामा, मुहसेहना एवं करमौनी में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त स्थानों पर पेयजल व्यवस्था नहीं रहने से इस वर्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थानों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कबतक कौन-सी व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

वसूली रोकना

*288. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के अनुसार नियमावली निर्माण होने तक किसी प्रकार का मार्ग कर की वसूली नहीं करना है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर विकास विभाग के पत्रांक 5273, दिनांक 17 अक्टूबर, 2008 द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रोसरा को रोसड़ा में हो रहे अवैध वसूली को रोकने का आदेश दिया गया था, किन्तु अभीतक उक्त स्थानों पर मार्ग कर के नाम पर वसूली की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के एकमात्र नगरपालिका में प्रवेश कर की अवैध वसूली को रोकने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ बनाना

*289. श्री अजीत कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कांटी एवं मरवन अंचल के क्रमश: विश्वनाथपुर, कोल्हुआ, चकमुरमुर, भटौना, कर्जाडीह, दलित बस्ती, सेरूआही, करजा थानप, दामोदरपुर करजा अम्बेदकर नगर, दारापट्टी, चैनपुर सुबे आदि गाँव में दलित, महादलित एवं पिछड़े वर्ग के टोलों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए सम्पर्क पथ के लिए भू-अर्जन कर पथ निर्माण कराने का प्रस्ताव विगत पाँच वर्षों से उक्त मद में राशि नहीं होने के कारण जिलाधिकारी के कार्यालय में लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित गाँवों में सम्पर्क पथ नहीं होने के कारण हजारों लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँवों के लिए राशि आवंटित कर सम्पर्क पथ बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*290. श्री शशिभूषण हजारी-क्या मंत्री, विधि (धार्मिक न्यास) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल अंचल के हाटी राम जानकी स्थल की सैकड़ों एकड़ भूमि तथा सम्पत्ति की देख-रेख के लिए धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा अबतक कोई कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण हाटी राम जानकी स्थल की सम्पत्ति एवं भूमि का अतिक्रमण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि हाटी मठ के तथाकथित महंथ द्वारा मठ की भूमि और उपजे खाद्यान्न को बेचकर उसका कोई लेखा-जोखा नहीं रखा जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हाटी राम जानकी स्थल की भूमि एवं सम्पत्ति को बचाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाभ देना

*291. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत इटाढ़ी प्रखण्ड में वर्ष 2010-11 में अनावृष्टि से फसल बर्बाद हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2010-11 में प्रभावित किसानों को फसल बीमा का लाभ से वंचित रखा गया है जबकि उसके आस-पास के प्रखण्ड के किसानों को उसका लाभ दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इटाढ़ी प्रखण्ड के किसानों को भी वर्ष 2010-11 का फसल बीमा लाभ देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*292. श्री उमा कान्त यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड में नवनगर ग्राम में महादलित लोग 50 वर्षों से निवास करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महादलित गाँव के निवासियों को जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण आवागमन हेतु सड़क नहीं है, जिससे उक्त महादलित लोगों को मुख्य सड़क पर आने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए जमीन को अधिग्रहण करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*293. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य फुड एवं सिविल सप्लाई निगम, पटना द्वारा वर्ष 2007 में निजी वाहन संख्या बी०आर० 31ए० 9451 एवं बी०आर० 1ए०पी० 1361 को भाड़े पर व्यावसायिक उद्देश्य से लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी निबंधित गाड़ियों का उपयोग व्यावसायिक रूप में किये जाने से सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त गाड़ी पर सरकारी बोर्ड लगाकर अवैध कार्य भी किया जाता है जिसके विरुद्ध गाँधी मैदान, पटना थाना कांड संख्या 391/09, दिनांक 19 सितम्बर, 2010 दर्ज है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन वाहनों को जप्त कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल उपलब्ध करना

*294. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड शम्भूगंज के कुर्मा ग्राम के पास बहुआ नदी में पी०एच०डी० का कुआँ बना हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कुआँ में जो पाईप बिछा हुआ है, उससे आमजनों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कुआँ से शुद्ध पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बताना

*295. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्ड के जन-वितरण प्रणाली के दुकानदारों को ठाकुरगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बिहार राज्य खाद्य निगम के गोदाम से खाद्यान्न नहीं दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि ठाकुरगंज जन-वितरण प्रणाली के दुकानदारों को 110 कि० मी० दूर किशनगंज स्थित गोदामों से अनाज उठाना पड़ता है जिससे उन्हें अधिक पैसे की हानि होती है तथा अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ठाकुरगंज जन-वितरण प्रणाली के सभी दुकानदारों को ठाकुरगंज मुख्यालय स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम के बदले किशनगंज गोदाम से देने का क्या औचित्य है ?

कार्रवाई करना

*296. श्री मनोहर प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी शहर के वार्ड नं० 2 में मुख्य मंत्री समेकित शहरी विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2008-09 में 6, 11, 700 की प्राक्कलित राशि से नयाटोला से पोखर तक बनने वाला पक्का नाला केवल 200 मीटर तक ही बना ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस बने नाले से जल निकासी में असुविधा, आवागमन में असुविधा और सड़क निर्माण में व्यवधान पैदा हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस मामले की जाँच कराने और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा नाला को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*297. श्री दिनेश कुमार सिंह-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर बाजार में पूर्व से शुलभ शौचालय की व्यवस्था तीन जगहों पर है लेकिन आजतक चालू नहीं हुआ है तथा ध्वस्त भी हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जगदीशपुर बाजार ऐतिहासिक स्थल है लेकिन शुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण तथा घनी आबादी होने के कारण ग्रामीण इलाकों से आने वाले महिला-पुरुष को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगदीशपुर बाजार में शुलभ शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण करना

*298. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी का प्रशासनिक भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी नगर पंचायत के अन्तर्गत निर्माणाधीन नगर भवन 10 वर्षों से अधूरा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर सही हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी नगर पंचायत का प्रशासनिक भवन का निर्माण एवं अधूरा नगर भवन के कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुपालन करना

*299. श्री मनोहर प्रसाद सिंह --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संकल्प ज्ञापांक संख्या 613(9), दिनांक 7 जुलाई, 2006 द्वारा नगर क्षेत्र के अन्तर्गत अवस्थित राजस्व विभाग के नियंत्रणाधीन सभी बस/टैक्सी स्टैण्ड/ नाव यातायात एवं फेरी सेवा का अभिरक्षण एवं प्रबंधन का दायित्व संबंधित नगर निकायों को हस्तानान्तरित करने का निर्देश निर्गत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक इस निर्देश का अनुपालन कटिहार जिला के मनिहारी नगर पंचायत में नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित निर्देश के अनुपालन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*300 श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में 1170 रु० प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य किसानों से 10.50 लाख टन गेहूँ की खरीद 15 जुलाई, 2011 तक राज्य सरकार को करनी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि एस०एफ०सी०, एफ०सी०आई०, बिस्कोमान इत्यादि द्वारा 22 जून, 2011 तक केवल 2.68 लाख टन गेहूँ की खरीद हो सकी है, जिससे समय पर खरीद नहीं होने के कारण किसानों को अपना गेहूँ 800-850 रुपया प्रति क्विंटल बाजार भाव पर बेचना पड़ा है तथा उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकारी गेहूँ खरीद में विलम्ब होने के कारण किसानों द्वारा कम मूल्य पर गेहूँ बेच दिए जाने से हुई आर्थिक क्षति के विरुद्ध जिन पदाधिकारियों की लापरवाही से गेहूँ समय पर नहीं खरीदा जा सका उसपर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

परिचालन करना

*301. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मीठापुर स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डा को स्थानान्तरित करने हेतु वर्ष 2009 ई० में संपतचक प्रखण्ड के बैरिया में लगभग 80 एकड़ एवं सगुना मोड़ में 5 एकड़ जमीन अधिगृहित की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित बैरिया तथा सगुना मोड़ में अधिगृहित जमीन को विकसित नहीं किये जाने के कारण मीठापुर बस अड्डा को अबतक वहाँ स्थानान्तरित नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मीठापुर बस अड्डा को बन्द करते हुए बैरिया तथा सगुना मोड़ से बसों का परिचालन शीघ्र शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

चहारदीवारी बनाना

*302. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर में स्थित मवेशी अस्पताल के चहारदीवारी नहीं होने के कारण मवेशी अस्पताल तालाब में तब्दील हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में पानी भर जाने के कारण कर्मचारी भी कार्यालय में जाना बन्द कर दिए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मवेशी अस्पताल के चहारदीवारी कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पेयजल उपलब्ध करना

*303. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा को नगर पंचायत का दर्जा वर्ष 2001 में मिला था ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, मढ़ौरा के निवासियों को अभीतक शहरी जलापूर्ति योजना के अधीन शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शहरी जलापूर्ति योजना के माध्यम से नगर पंचायत के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

जमीन देना

*304. श्री दुलालचन्द गोस्वामी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बलरामपुर विधान-सभा क्षेत्र बलरामपुर प्रखंड में किरोरा पंचायत अन्तर्गत सलेमपुर गाँव में महादलित पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक में अंसारी आबादी के लोग निवास करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीणों में से अधिकांश परिवार को निजी आवासीय जमीन नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ये लोग सरकारी योजना या दूसरे की रैयती जमीन में बसे हुए हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन्हें वासगीत पर्चा देकर आवासीय जमीन देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*305. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन अंचल में पदस्थापित खुर्शीद आलम, अंचलाधिकारी के द्वारा 10 लाख रुपये का गबन किया गया है जो अपर समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण के जाँचोपरान्त उनके पत्रांक 57, दिनांक 11 जनवरी, 2011 के द्वारा सत्य पाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री आलम के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए अपर समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण द्वारा दिनांक 11 जनवरी, 2011 को सामान्य प्रशासन विभाग को लिखा गया है, लेकिन अभीतक उसपर कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री आलम के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*306. श्री व्यासदेव प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सीवान नगर परिषद् के वार्ड सं० 1 में बसे अनुसूचित जाति की बस्ती में आने-जाने का कोई सड़क उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस बस्ती के वार्ड सं० 1 के पूरब रेलवे विभाग का सीवान-थावे रेलवे की बड़ी लाईन अवस्थित है जिसके कारण इस बस्ती के अनुसूचित जाति के वृद्ध, बीमार एवं बच्चों को आने-जाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सड़क निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मजदूरी कम देना

*307. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत नियुक्त कृषि इण्टर सलाहकारों की दैनिक मजदूरी 80 रु० है, जबकि मनरेगा योजना अकुशल मजदूर की दैनिक मजदूरी 150.50 रु० है;

(2) क्या यह बात सही है कि वेतन मजदूरी अन्तर होने के कारण कार्यों पर बुरा असर पड़ता है;

(3) यदि हां, तो कृषि इंटर सलाहकारों की दैनिक मजदूरी कम देने का क्या औचित्य है ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*308. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर नगर पंचायत के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2007-08 में 29 लाख 8 हजार रुपये की राशि आवंटित कर दी गई है, परन्तु आजतक प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इसमें विलम्ब करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए इसका निर्माण कार्य कबतक प्रारम्भ कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

----------

क्षति रोकना

*309. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कृषि योग्य भूमि का उपयोग गैर-कृषि कार्य यथा चिमनी आदि में होता है, जिससे मिट्टी की उर्वरा एवं कृषि योग्य भूमि में कमी आती जा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कृषि योग्य भूमि की क्षति को रोकने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार बनाना

*310. श्रीमती रेणु देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बेतिया नगर परिषद् क्षेत्र में पेयजल संकट दूर करने हेतु 6 जलमीनार बनाने एवं जलापूर्ति पाईप बिछाने का निर्णय 2008 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यहां जलमीनार बनाने एवं जलापूर्ति पाईप बिछाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*311. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत फुलपरास, घोघरडीहा एवं मधेपुर प्रखण्डों में प्रखण्ड पशु चिकित्सक का पद एक वर्ष से रिक्त है, जिससे पशुपालकों को पशु चिकित्सा में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उपर्युक्त प्रखण्डों में पशु चिकित्सकों का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनाना

*312. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत नरसण्डा के ग्राम नरसण्डा में नगरनौसा प्रखंड के ग्राम पंचायत कैला के ग्राम महमदपुर तथा कछियावां ग्राम पंचायत के ग्राम भोभी में पेयजल आपूर्ति हेतु जलमीनार का निर्माण कराने हेतु कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, हिलसा द्वारा प्रस्ताव विभाग को दिसम्बर, 2010 में भेजा गया है, परन्तु अबतक लम्बित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपरोक्त तीनों प्रस्तावित जलमीनार का निर्माण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*313. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 15 मई, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कूपन देने में बाधक बन रहे हैं अफसर'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्देश देने के बावजूद भी गरीबों को राशन-किरासन कूपन बांटने की तारीख एवं स्थल का चयन नहीं किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग ने गत वर्ष प्रत्येक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कूपन बांटने की तारीख और स्थान का रोस्टर बनाकर मुख्यालय एवं जन-प्रतिनिधि को देने को कहा था, लेकिन अभीतक निर्देश के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरीबों को राशन-किरासन कूपन बांटने की तारीख तय नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शाखा खोलना

*314. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र की शाखा स्थापित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि विज्ञान केन्द्र की शाखा कार्यरत नहीं रहने के कारण किसानों को कृषि कार्य के नई तकनीक की जानकारी नहीं होती है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तरैया में कृषि विज्ञान केन्द्र की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि को खर्च करना

*315. श्रीमती मंजु हजारी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के अनुसार समस्तीपुर जिला के रोसड़ा नगर पंचायत, रोसड़ा में सशक्त स्थायी समिति का गठन हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के सशक्त स्थायी समिति की बैठक का आयोजन नहीं किए जा रहे हैं एवं पंचायतों के विकास हेतु जमा धनराशि का उपयोग नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोसड़ा नगर पंचायत, रोसड़ा के सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजन करने के साथ-साथ विकास योजना हेतु जमा राशि खर्च करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

जलमीनार बनाना

*316. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 20 हजार की आबादी पर एक जलमीनार बनाने का निर्णय सरकार द्वारा 2005 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखण्ड में तेलघी पंचायत में 20 हजार आबादी के बावजूद भी जलमीनार का निर्माण आजतक नहीं किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि तेलघी गाँव में पेयजल की भारी किल्लत है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेलघी ग्राम में जलमीनार बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ दिलाना

*317. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में पूरा बेगूसराय जिला सूखा क्षेत्र घोषित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर प्रखंड को छोड़कर सभी प्रखंड के किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल चुका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि चेरिया बरियारपुर प्रखंड के के०सी०सी० धारक या अन्य किसान भी फसल बीमा कराए हुए थे ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर प्रखंड के किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*318. श्री अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बकरी पालन का व्यवसाय गरीबी दूर करने में काफी सहायक होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार का वातावरण इस व्यवसाय के लिए उपयुक्त है,

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार में बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*319. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शेरशाह के शासनकाल में उनके भाई सलिम शाह द्वारा सासाराम नगर के मुहल्ला तकिया में एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक तालाब का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब की निगरानी नहीं किये जाने के कारण चारों तरफ से तालाब का गन्दा पानी तालाब में गिरने से पानी गन्दा होने एवं तालाब की सतह की मिट्टी सड़कर काफी कीचड़ हो जाने के कारण गन्दा हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तालाब की सफाई एवं गन्दा पानी के निकासी हेतु नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रक्रिया पूरी करना

*320. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियां में पोलिटेकनिक संस्थान की स्थापना हेतु राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा सरकार के अवर-सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 101(6)/रा०, दिनांक 3 फरवरी, 2010 के आलोक में समाहर्त्ता, भोजपुर द्वारा अपने पत्रांक 351/रा०, दिनांक 11 मार्च, 2010 से अवर-सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को भूमि हस्तानान्तरण से संबंधित प्रतिवेदन स्वीकृति हेतु भेजा गया है, परन्तु आजतक भूमि हस्तानान्तरण की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है, यदि हां, तो सरकार कबतक भूमि हस्तानान्तरण की प्रक्रिया पूरी करने का विचार रखती है ?

---

जलापूर्ति करना

*321. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बारसोई अनुमण्डल मुख्यालय में जलापूर्ति हेतु 1983 में पम्प हाउस एवं टंकी तथा पाईप लाईन की व्यवस्था की गयी थी, जो बन्द पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जलापूर्ति व्यवस्था चालू करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खाद आपूर्ति करना

*322. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी एवं रहिका प्रखंड अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए खरीफ फसल हेतु मांग के विरुद्ध 50 प्रतिशत से कम खाद की आपूर्ति पैक्सों में होने से इसकी घोर किल्लत हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडान्तर्गत प्रचुर मात्रा में सरकार द्वारा अनुदानित दर पर खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसान मजबूरन बाजार से ऊंचे दाम पर क्रय करने को मजबूर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मांग के अनुरूप अनुदानित खाद की आपूर्ति उक्त प्रखंडों में करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कूड़ा उठाव करना

* 323. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में प्रतिदिन 850 मेट्रिक टन कूड़ा लोगों द्वारा फेंका जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के 72 वार्डों में से नौ वार्डों में कचरा उठाव का कार्य ''ए टू जेड'' कम्पनी द्वारा तीन साल से किया जा रहा है एवं शेष 63 वार्डों में पटना नगर निगम द्वारा किया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के 63 वार्डों में पटना नगर निगम द्वारा नियमित कचरा उठाव नहीं होने के कारण प्रतिदिन लगभग 300 मेट्रिक टन कचरा, 823 कूड़ा प्वाइंट एवं सड़कों पर बिखर जाता है, जिससे बरसात में महामारी फैल सकती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (3) में वर्णित 63 वार्डों में नियमित कूड़ा उठाव कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सफाई करना

* 324. श्री वृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर नगर पंचायत में विगत 5 वर्षों से नाला की सफाई नहीं की गयी है एवं जगह-जगह पर कुड़े-कचड़े का अम्बार लगा हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त नाला की सफाई एवं कुड़े-कचड़े की सफाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेयजल उपलब्ध कराना

* 325. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजना प्रत्येक पंचायत के 5000 की आबादी/बाजारों वाले जगहों पर (जलापूर्ति ) करने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2007-08 में ली गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखण्ड के मुबारकपुर बाजार, ओल्हनपुर, टेंहटी, मधोपुर, नरहरपुर, सिसवां, शिल्हौड़ी, गौरा बाजार, भलुही, हसनपुरा तथा नगरा प्रखण्ड के तुजारपुर, तकिया, खोदाईबाग, जगदीशपुर, खैरा बाजार जिसकी आबादी 5000 में है, के निवासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सभी गाँवों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अधीन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 326. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास अंचल कार्यालय का कार्य वर्ष 1988 से आजतक प्रखंड कार्यालय के जर्जर भवन में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी एवं कर्मचारियों का आवास नहीं बनने के कारण पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अंचल के भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समस्या से निजात

* 327. <u>श्रीमती आशा देवी</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना नगर निगम का वार्ड संख्या 03 अन्तर्गत बिड़ला कॉलोनी, मंगलम विहार कॉलोनी, रूपसपुर सरस्वती विहार कॉलोनी के निवासी विगत 3 वर्षों से भारी जल-जमाव की समस्या से पीड़ित हैं जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मुहल्लों के निवासियों को उक्त समस्या से निजात दिलाने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करना

* 328. <u>श्री कन्हैया कुमार</u>--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत मेसकोर प्रखण्ड के गाँवों में पेयजल की घनघोर समस्या है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल की व्यवस्था नदी एवं तालाबों से करनी पड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के ग्राम रामपुर, तोरियां, शहनवाजपुर तथा मुड़गढ़वा आदि गाँवों में आम जनता को पेयजल की सुविधा प्राप्त नहीं होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित गाँवों में आम जनता के लिये पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चापाकल लगाना

* 329. <u>डॉ० दाउद अली</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव नगर में पेयजल की व्यवस्था करना डुमरांव नगर परिषद् का कार्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमरांव नगर परिषद् क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में 10 चापाकल की आवश्यकता है, परन्तु मात्र 4 चापाकल ही उपलब्ध है जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमरांव नगर परिषद् क्षेत्र में मानक के अनुसार चापाकल लगाने का विचार रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार बनाना

* 330. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र समस्तीपुर में केवल दो जलमीनार पेयजल आपूर्ति हेतु है जिसकी क्षमता कम है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार का जलापूर्ति पाईप जगह-जगह टूट जाने से उसका संबंध गंदे नाले के पानी से हो गया है और लोगों को गन्दा पानी पीने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि शहर की अत्यधिक आबादी होने के कारण पेयजल आपूर्ति करने में ये जलमीनार सक्षम नहीं है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आबादी के दृष्टिकोण से अतिरिक्त जलमीनार का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्बंधित करना

* 331. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य के अपार्टमेंट सोसायटी का निबंधन, सोसायटी रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के एक्जीविशन रोड अवस्थित सूर्या सुरोजित विला अपार्टमेंट सोसायटी का निबंधन माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी०डब्लू०जे०सी० नं० 8730/09 में पारित आदेश के बावजूद निबंधन महानिरीक्षक, बिहार, पटना द्वारा कार्यालयादेश सं० बी०एक० 3-101393/09-168, दिनांक 24 फरवरी, 2011 द्वारा अस्वीकृत किये जाने पर पुन: दिनांक 25 मार्च, 2011 को प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग को निबंधन हेतु आवेदन दिया गया है, जिसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अपार्टमेंट सोसायटी को निर्बंधित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 332. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड स्थित पशु चिकित्सालय, बड़हरा के भवनविहिन रहने के कारण आम जनता को पशु की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवनविहिन पशु चिकित्सा का भवन निर्माण करने एवं स्वीकृत बल के विरुद्ध पदाधिकारी और कर्मचारियों को पदस्थापित कर पशु चिकित्सालय को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दर्जा दिलाना

*333. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया एवं इसुआपुर प्रखण्ड के क्रमशः तरैया एवं इसुआपुर पंचायत नगर पंचायत के लिए सभी विहित अर्हता को पूरा करता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*334. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड स्थित कालीदास डीह एवं हरलाखी प्रखण्ड के गिरिजा स्थान फुलहर में श्रद्धालु पर्यटकों के समक्ष जल मीनार नहीं रहने के कारण पेयजल की समस्या बनी रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त स्थलों पर श्रद्धालुओं को पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार बनाना

*335. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड में भू-जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पेयजल का घोर संकट है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा 5 अगस्त, 2008 के आदेश के बावजूद चन्द्रगढ़ जल मीनार से जलापूर्त्ति नहीं हो रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि नवीनगर शहर में जलापूर्ति हेतु वर्ष 2007 में बोरिंग हुआ है लेकिन जल मीनार एवं पाईप लाईन नहीं बिछाने के कारण जलापूर्ति नहीं हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेय जलापूर्ति हेतु चन्द्रगढ़ जल मीनार से नियमित जलापूर्ति तथा नवीनगर में जल मीनार बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*336. श्री राम लषण राम रमण—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा गाड़े गये 60 (साठ) प्रतिशत पेयजल नलकूप, जलस्तर नीचे हो जाने के कारण बन्द पड़े हैं, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त बन्द पड़े नलकूपों को उखाड़-गाड़कर चालू करना चाहती है ?

अस्पताल खोलना

*337. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड के सनौर गांव में मवेशी अस्पताल नहीं है, जबकि यहां पशुपालकों की संख्या बहुत अधिक है, यदि हां, तो सनौर पंचायत में मवेशी अस्पताल अबतक नहीं खोलने का क्या औचित्य है ?

---

लक्ष्य की प्राप्ति

*338. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 मार्च, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''अधिकारियों के चलते सूख गई फसल'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में डीजल अनुदान मद में अनुदान के लिए 605 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति मिली थी जिसमें से मात्र 178 करोड़ रुपये की राशि जिलों को आवंटित की गयी, जिसे आच्छादन लक्ष्य 35.5 लाख हेक्टेयर के बदले 24 लाख हेक्टेयर ही पूरा हो सका है, यदि हां, तो क्या सरकार डीजल अनुदान समय पर नहीं बांटने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए एवं आवंटित राशि शत-प्रतिशत जिलों में खर्च कर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों?

---

सुविधा देना

*339. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखण्ड में मिर्जाफरी, ध्रुवगंज, खरीक बाजार, बिहपुर प्रखण्ड अन्तर्गत भगवतीपुर, पठानटोला, बभनगामा, काजीटोला, बभनगामा, मिल्की, विक्रमपुर, बिहपुर, झंडापुर, शेखटोला, औलिया में मुस्लिम टोला, नारायणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बलहा, मधुरापुर बाजार, नारायणपुर रेलवे स्टेशन के समीप मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में एम०सी०डी० योजना से अभीतक पेयजल सुविधा नहीं हो पायी है, यदि हां, तो क्या सरकार मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में एम०सी०डी० योजना से बुनियादी सुविधा बहाल करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नगर परिषद् बनाना

*340. श्री शशि भूषण हजारी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के 50 हजार से अधिक की जनसंख्या वाले बिरौल, सुपौल बाजार को नगर परिषद् बनाने का प्रस्ताव विभाग में एक वर्ष से लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिरौल के अनुमंडलाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी, दरभंगा ने भी बिरौल, सुपौल को नगर परिषद् बनाने हेतु परिसीमन रिपोर्ट पत्रांक 205, दिनांक 10 फरवरी, 2002 के द्वारा विभाग को भेज दिया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिरौल, सुपौल को नगर परिषद् घोषित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*341. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी नवहट्टा सत्तर कटईया आदि प्रखण्डों में वर्ष 2010-11 में मिलने वाली डीजल अनुदान राशि एवं मक्का फसल क्षतिपूर्ति अनुदान राशि का वितरण नहीं कर राशि को लौटा दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुदान की राशि वितरण नहीं करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*342. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के बड़हिया नगर में मधुवन एवं श्रीकेश ताला वार्ड नं0 01 में नाला नहीं रहने के कारण विगत 5 वर्षों से बरसात के दिनों में सड़क पर पानी जमा हो जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वार्ड में नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*343. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक जागरण समाचार-पत्र में दिनांक 17 जून, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''छापेमारी में 15 लाख के चावल जप्त'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखण्ड के सीमावर्ती गांव ललमनियाँ में केन्द्रीय सीमा शुल्क पटना के छापेमार दस्ते ने 15 जून, 2011 को तस्करी कर नेपाल ले जा रहे तीन सौ बोरे चावल, ट्रक एवं ट्रैक्टर समेत जप्त किया;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तस्कर के विरुद्ध अबतक कौन-सी कार्रवाई की है ?

----------

टंकी बनाना

*344. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी एवं सहदेई बुजुर्ग प्रखण्ड मुख्यालयों में रहने वालों को शुद्ध पेयजल मुहैया करने हेतु पानी टंकी का निर्माण कराने के लिए प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 707, दिनांक 20 जून, 2011 द्वारा विभागीय मंत्री से आग्रह किया गया था;

(2) यदि खंड एक का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो प्रश्नकर्त्ता के पत्र पर कौन-सी कार्रवाई हुई तथा सरकार उपरोक्त दोनों प्रखण्ड मुख्यालयों में पानी टंकी का निर्माण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*345. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड मुख्यालय में पशु अस्पताल का भवन विगत 10 वर्षों से बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में अभीतक न तो डॉक्टर, न ही किसी कर्मी को पदस्थापित किया गया है, जिससे इसका लाभ आमलोगों को नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पशु अस्पताल में डॉक्टर एवं कर्मी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*346. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला को 17 वर्ष बीत जाने के बावजूद वहां अभीतक शवदाह गृह का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अभीतक शवदाह गृह का निर्माण नहीं कराने का क्या औचित्य है तथा सरकार वहां कबतक शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

----------

प्रयोगशाला खोलना

*347. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राज्य के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अनुमण्डलों में जाँच प्रयोगशाला खोलने का निर्णय वर्ष 2010 में हो चुका है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार समस्तीपुर जिला के रोसड़ा एवं दलसिंहसराय अनुमंडलों में भी जाँच प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

योजना पूर्ण कराना

*348. श्री प्रेमरंजन पटेल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत स्वीकृत बुधौली बनकर ग्रामीण जलापूर्ति योजना को स्थानीय धोखर खैरा, मझियामा, चम्पानगर गांवों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2007-08 में स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना पूर्ण नहीं होने से स्थानीय लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुधौली बनकर जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू करवाना

*349. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला का सिर्फ एक मात्र सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक विगत् 10 वर्षों से बन्द है, जिससे यहाँ के किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दरभंगा के इस सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी देना

*350. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखण्ड अन्तर्गत दुर्गावती बाजार में जलमीनार बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार से डलहा, दुर्गावती बाजार दरौली दहियांव एवं सारंगपुर गाँव में पाईप नहीं बिछाने के कारण अबतक जल आपूर्ति नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इन सभी गाँवों में पानी देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समिति बनाना

*351. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, 20-सूत्री कार्यक्रम विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों में प्रखंड एवं जिला 20-सूत्री की पुरानी समिति ही अभीतक कार्यरत है जो बिल्कुल अनुपयोगी एवं अव्यवहारिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवम्बर, 2010 में नयी सरकार के गठन के बाद से अभीतक नयी 20-सूत्री समिति बनाने की दिशा में कोई कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंडों एवं जिलों में कबतक नयी 20-सूत्री समिति बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू करना

*352. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखण्ड के नगरी बाजार में पानी टंकी बनकर तैयार है, यदि हां, तो सरकार उसे कबतक चालू करने का विचार रखती है ?

--------

नाला की सफाई

*353. श्रीमती रेणु देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया शहर से जल-जमाव दूर करने हेतु वर्ष 2008 में मास्टर प्लान बनायी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बेतिया के मुख्य नाला जो कालिबाग से अंधरी चुनरी पुल तक जाती है, को निर्माण के बाद से सफाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मास्टर प्लान के तहत बेतिया के मुख्य नाला की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लीज पर जमीन देना

*354. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के निबंधन विभाग से निबंधित संस्था अम्बेदकरवादी समाज विकास परिषद्, पटना द्वारा किए गए सर्वे द्वारा पटना, यारपुर मुशहरी में वर्ष 1940 से 150 अनुसूचित जाति ''मुशहर'' परिवार तथा 300 डोम परिवार, सबरी नगर, दानापुर में वर्ष 1970 से 100 ''मुशहर परिवार'', चुल्हाई चक, फुलवारीशरीफ में वर्ष 1940 से 200 ''मुशहर परिवार'' मुसल्लहपुर, सुल्तानगंज थाना, पटना अन्तर्गत वर्ष 1930 से 200 डोम परिवार, छज्जुबाग, पटना में वर्ष 1930 से 50 डोम परिवार एवं जगदेव पथ, पटना में वर्ष 1925 से 70 मुशहर परिवार खासमहल की जमीन पर रहते आ रहे हैं, जिन्हें जमीन लीज पर नहीं दिया जा रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उन सभी अनुसूचित जाति परिवार को लीज पर जमीन नहीं देने का क्या औचित्य है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*355. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के नगर पंचायत में बस्ती योजना, 2010 के विकास के लिए कितनी राशि मुहैया करायी गई एवं कितनी राशि खर्च हुई है तथा खर्च राशि से कौन-कौन कार्य किस स्तर का कराया गया;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इस पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जल निकासी करना

*356. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय शहर की जल निकासी व्यवस्था विगत 6-7 वर्षों से ठप रहने से पूरे शहर में जल-जमाव की स्थिति रहती है, जिससे हमेशा भयंकर संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार जल निकासी की व्यवस्था दुरूस्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*357. प्रो० उषा सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत परवलपुर को प्रखंड बनाये जाने के बावजूद सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण नहीं किये जाने के कारण प्रखंड कार्यालय समेत अन्य संबंधित आधुनिक अभिलेखागार-सह-कम्प्यूटर केन्द्र, उत्पादन-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, कस्तुरबा विद्यालय तथा किसान भवन की राशि उपलब्ध होने के बावजूद भवन निर्माण सम्भव नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो भूमि अधिगृहित कर प्रखंड कार्यालय भवन नहीं बनाने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक भूमि अधिगृहित कर भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*358. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड में कजरा, उरैन, बुधौलीबनकर, माणिकपुर, अलीनगर में स्थित राजस्व कचहरी कार्यालय जर्जर तथा भवनहीन है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त प्रखंडों में राजस्व कचहरी भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 21 जुलाई, 2011 (ई०)।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

---------

बि०स०मु० (एल०ए०), 27--डी०टी०पी०--450--